**सुविचार**

अगर आप अकेले हो तो अपने विचारों पर काबू रखो और यदि सबके साथ हो तो अपनी जुबान पर काबू रखो।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

*Freedom of Speech*

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

संपादक :- नागेश नरवरिया




पेज -7


वर्ष 6, अंक-75 | भोपाल, शुक्रवार 12 नवंबर 2021 | पृष्ठ -8 | मूल्य 3 रुपये


# भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य साथियों पर जानलेवा हमला

## ग्राम मदागन थाना शाढोरा, अशोकनगर निवासी दलित समुदाय के पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने आवाज उठाने वालों पर दिन दहाड़े गुंडों ने किया जानलेवा हमला, राजनैतिक दवाव, पुलिस ने किया उल्टा जुर्म दर्ज

**युवा प्रदेश नेटवर्क**

दिनांक 06/11/2021 को ग्राम मदागन थाना शाढोरा जिला अशोकनगर में दो पक्षों जिसमें दलित समाज एवं दबंग समाज के मध्य खेत में पानी ना देने को लेकर मारपीट की घटना घटित हुई जिसकी जानकारी थाना शाढोरा को प्राप्त होने पर एस.डी.ओ.पी. अशोकनगर एवं थाना शाढोरा प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक श्री राजाराम धाकड़ अपनी टीम के साथ घटना स्थल पहुंचे थे। दलित अहिरवार समाज के लोगो का आरोप है कि दबंग रघुवंशी समाज के लोगो ने हमारे ट्यूवेल से पानी मांगा, हमसे कहा की पहले हमारे खेत में पानी देंगे उसके बाद तुम्हारे खेत में पानी दे देंगे। ट्यूबेल दलित पीड़ित परिवार का निजी खेत में लगवा रखा है। दलित अहिरवार समाज ने पानी ना देने से रघुवंशी समाज के लोगो ने दलित अहिरवार समाज के लोगो को जातिसूचक गालियां दी गई, उनके साथ मारपीट कि और दलित अहिरवार समाज के परिवार के लोगों पर टैक्टर चढ़ने का प्रयास किया। जिससे दलित अहिरवार समाज के लोगो को गंभीर चोटे आई है। दलित समाज के लोगों का यह कहना है। दबंग रघुवंशी समाज के लोगों का आरोप है कि हम खेत से अपना टैक्टर लेकर आ रहे थे तभी दलित अहिरवार समाज के परिवार वालों के द्वारा गाली गलोच कि एवं मारपीट की गई थी। रघुवंशी समाज का राजनैतिक सपोर्ट होने के कारण पुलिस मामले को कमजोर करना चाहती है। पुलिस दबंग समाज के लोगो का बचाव कर रही है। दलित पीड़ित परिवार न्याय कि गुहार लगा रहा है। लेकिन मध्य प्रदेश में जातिवाद चरम पंथ में होने के कारण दलित न्याय के लिए दर दर भटक रहे है इस मामले की जानकारी जब भीम आर्मी के कार्यकर्ताओ को मिली तो वह पीड़ित परिवार से मिलने गए। दिनांक 10 नवंबर को घंटना कि जानकारी लेने के लिए भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील बैरसिया, आजाद समाज पार्टी मध्य प्रदेश सुनील अस्ते, भीम आर्मी विदिशा जिलाध्यक्ष गब्बर सिंह, एवं भीम आर्मी के समर्थक के साथ शाढोरा से मदागन पीड़ित परिवार से मिलने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तभी उच्चजाती के लोगो ने आकर भीम आर्मी के लोगो पर हमला कर दिया भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील बैरसिया का सर फोड़ दिया सभी कार्यकर्ताओ के साथ बेरहमी से मारपीट कि जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल है। जिसमें एक पुलिसवाला भी भीम आर्मी के कार्यकर्ताओ को मारता नजर आ रहा है। पुलिस ने भीम आर्मी के लोगो पर उल्टा मामला दर्ज करते हुए आरोप लगाया कि भीम आर्मी के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों के साथ अभद्र व्यवहार एवं तोड़फोड़ की है। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष की गाड़ी में शराब की बोतल रख दी गई जिससे की भीम आर्मी के लोगो को फंसाया जा सके इतना ही नहीं पुलिस ने भीम आर्मी के 24 लोगो पर बिना जांच किए बिना सबूत के कठोर आरोप लगा कर मामला दर्ज कर हिरासत में लिया है। भीम आर्मी के चीफ आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने ट्वीट करते हुए कहा कि अगर आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो हम सड़कों पर उतरेंगे आंदोलन करेंगे। इस घटना कि जानकारी लगते ही भीम आर्मी के कार्यकर्ता अशोकनगर शाडोरा थाने पहुंचने लगे और न्याय कि मांग करने लगे, राजनैतिक दबाव में आकर पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में धारा 144 लागू कर दी है। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओ को घायल लोगो से मिलने भी नहीं दिया जा रहा है। यह घटना किसी फिल्मी जैसी लग रही है एक सोची समझी साजिश के तहत किया गया हो। पुलिस प्रशासन की मिली भगत से पूरी प्लानिंग के तहत भीम आर्मी के लोगो पर हमला किया गया हो। मध्यप्रदेश में दलित समुदाय के लोगों के साथ आये दिन एसी घटनाएं होती रहती है मगर शासन प्रशासन जाती भेदभाव को उजागर होने नहीं देना चाहता है, परदे के पीछे से लोकतंत्र की हत्या कर रहा है। दलित समाज के लोगो पर मध्यप्रदेश में निरंतर अत्याचार हो रहे है। भीम आर्मी बहुजन समाज को अपना परिवार मानता है समाज के लोगों को न्याय, हक, अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे है। अब उनके ऊपर भी हमला हो रहा है आखिर कब तक दलित बहुजन समाज पर अत्याचार होते रहेंगे। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओ में काफी आक्रोश है। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओ ने कहा कि अगर जल्द आरोपियों को सजा नहीं मिली तो पूरे मध्य प्रदेश में आंदोलन करेंगे। वही चंद्रशेखर रावण आरोपियों पर कारवाही करने की मांग कर रहे है। भारतीय यह तो जानते है की जाती नाम का जहर देश मे है तो मगर उसे स्वीकर करने की हिम्मत किसी मे नहीं है। शासन प्रशासन की लापरवाही से आज अनिसुचित जाति,जनजाति पर अत्याचार बढ़ गये है।



# व्यक्ति को बचाने के लिए किया गया आपराधिक कार्य कब अपराध की श्रेणी में नहीं आता है जानिए/IPC....।

- बी.आर. अहिरवार,
ब्यूरो हेड होशंगाबाद,
मो.-9827737665

**होशंगाबाद।** कभी-कभी बस का ड्राइवर हो या अन्य कोई चालक (सवारी वाहन वाले) सड़क पर चलते हुई बाइक वाले का एक्सीडेंट कर देते हैं एवं न्यायालय ऐसे व्यक्ति को क्षमा कर देता है क्योंकि बस चालक या अन्य वाहन चालक अचानक बस को नियंत्रण नहीं कर सकते हैं अगर वह ऐसा करते हैं तो बस पलट सकती है एवं उसने बैठे हुए यात्री को गंभीर क्षति हो सकती है इस लिए वह छोटे साधन वाले व्यक्ति को क्षति पहुचना ठीक समझते हैं क्योंकि बहुत से लोगो की जान बचाने के लिए एक-दो व्यक्ति को नुकसान पहुचाना विधि में क्षमा योग्य माना गया है लेकिन शर्त यह है कि व्यक्ति का कोई आपराधिक उद्देश्य नहीं होना चाहिए।

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा-81 की परिभाषा-?**

अगर कोई व्यक्ति ऐसा सावधानीपूर्वक कार्य कर रहा है जिससे किसी भी प्रकार की हानि होने की संभावना नहीं है और किसी को हानि हो जाती है तब ऐसा अपराध क्षमा योग्य माना जायेगा निम्न शर्तो के अधीन-

1.कार्य करते समय व्यक्ति का कोई आपराधिक उद्देश्य नहीं होना चाहिये।

2. व्यक्तियों या संपत्ति को बचाने के लिए सावधानीपूर्वक किया गया कार्य।

3.बिना आपराधिक आशय से कम अपहानि के बदले ज्यादा अपहानि को होने से रोकने के लिए किया गया कार्य।



**उधारानुसार-**

अगर किसी जल मार्ग में बड़ा जलयान चल रहा है एवं उसके अगल-बगल में छोटी-छोटी नावे चल रहा है जलयान में 60 से अधिक व्यक्ति बैठे हुए हैं तब जलयान के सामने पत्थर का एक टीपू आने वाला होता है जिससे जलयान नष्ट हो सकता है तब जलयान चालक 60 व्यक्तियों को बचाने के लिए अपनी सीमा में परिवर्तन करेगा एवं इससे छोटी नाव में एक या दो व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है एवं नाव क्षतिग्रस्त हो जाती है तब जलयान चालक द्वारा कोई अपराध नहीं माना जायेगा क्योंकि उसने ज्यादा व्यक्ति की जान बचाने के लिए ऐसा कार्य बिना आपराधिक उद्देश्य से किया था।

# SC-ST के सदस्य की भूमि पर कब्जा कर लेना कब दण्डनीय अपराध होगा जानिए/SC-ST Act,1989...।

- बी.आर. अहिरवार,
ब्यूरो हेड होशंगाबाद,
मो.-9827737665

अगर कोई दबंग व्यक्ति किसी व्यक्ति की भूमि पर जबरदस्ती कब्जा कर लेता है तो ऐसे दबंग व्यक्ति पर कार्यवाही करने का अधिकार कार्यपालक मजिस्ट्रेट को दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 के अंतर्गत प्राप्त होता है कि वह कब्जा करने वाले दबंग व्यक्ति को नोटिस भेजे। लेकिन अगर कोई दबंग व्यक्ति जो अनुसूचित जाति या जनजाति का सदस्य नहीं है और वह इन वर्गों के घर, परिसर, भूमि आदि पर कब्जा कर लेता है तब उस वर्ग का पीड़ित व्यक्ति स्ष्ठरू कोर्ट में ना जाकर विशेष विधि के अंतर्गत सीधे स्नढ्ढक्र दर्ज कर सकता है जानिए।

**अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम,1989 की धारा 3(1) (च) एवं 3(1) (छ) की परिभाषा-** कोई व्यक्ति जो अनुसूचित जाति एवं जनजाति का सदस्य नहीं है, वह ऐसे वर्ग के व्यक्ति की पुरखो की जमीन पर कब्जा करेगा या, किसी प्राधिकारी या शासन द्वारा आवंटित भूमि, मकान, परिसर, खेत पर जबरदस्ती कब्जा करेगा या उनके अधिकार से संबंधित भूमि, जल, परिसर, खेत आदि को उपयोग करने से रोकेगा या हस्तक्षेप करेगा, या उनकी फसलों को नष्ट करने वाला व्यक्ति धारा 3(1) च एवं 3(1)(छ) के अंतर्गत दण्डित होगा।

**शासन द्वारा पीड़ित को राहत राशि का प्रावधान -?**

अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण),अधिनियम,1989 की धारा 23 की उपधारा (1) यह नियम बनाती है, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति नियम,1995 के नियम क्रमांक 12(4) के अनुसार पीड़ित परिवार को जिला मजिस्ट्रेट या स्ष्ठरू या जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्यालय द्वारा अपराध 3(1) च एवं 3(1)(छ) के अंतर्गत पीड़ित व्यक्ति को एक लाख रुपए तक की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी। उपर्युक्त सभी अपराध संज्ञेय एवं अजमानतीय अपराध होते हैं एवं इनकी सुनवाई जिला विशेष न्यायालय द्वारा की जाती है, सजा -इन अपराधों के लिए अधिकतम पांच वर्ष तक की कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है।

## कविता

### वो मां है वह सब जानती है

खुशियों से झूम उठी थी , जब कोक में तुम्हे पाया। कई हड्डियों को तोड़कर , तुम्हे दुनिया में लाया। तुम्हारी बचकानी हरकतों से मन ही मन मुस्कुराती है, वो मां है वह सब जानती है।।

तुम्हारे मीठे बोल में सुर वो भी लगाती है, तुम रुठ ना जाओ उनसे, तुम्हारी बातें मानती है, अपने गम को छुपाकर ,तुम्हे खुशियों से भर देती है। वो मां है वह सब जानती है।।

तुम करते हो अपनी मनमानी ,उसने हर बात को माना है,कोई तोड़कर ना रखे तुम्हे , हर हाल में जीना सिखाया है। तुम्हारे दर्द को महसूस कर, आंसु उसने भी बहाया है। हर बुरे साये से तुमको बचाती है,

वो मां है वह सब जानती है। अपने आसुं छुपाकर , तुम्हे मुस्कुराना सिखाती है। तुम रुक ना जाओ हारकर , गिरकर भी चलना सिखाती है। जब नींद नहीं आती तुम्हे ,वो भी जागती रहती है।

उठ - उठकर तुम्हे सैलाती रहती है, वो मां है वह सब जानती है। मांगा नहीं उसने कभी दौलत और शोहरत , तुम ही उसकी दौलत हो जमाने को बतलाती है। तुम भूल मत जाना उसे ज़िन्दगी में, वो मां है उसकी जान तुम में बसती है।।



वैशाली नारनवारे

## कविता

### मेरे दीपों से हर दिन खुशहाली भरा जीवन

मैं पंचशील के पालन में ,,
कुछ दीप नवीन जलाऊंगा
प्रथम दीप जले मन में,
प्राणी हिंसा न कर पाऊं ।
द्वितीय दीप जले मन में।।

चोरी से छुटकारा पा जाऊ ।
तृतीय दीप जले मन में व्यभिचार से विरत रहने की शिक्षा ग्रहण कर पाऊ।
चतुर्थ दीप जले मन में झूठ बोलने से बच जाऊं ।

पंचम दीप जले मन में जुआ नशा पत्ती से जीवन भर छुटकारा पा जाऊं।
शील,समाधि,प्रज्ञा से जीवन को श्रेष्ठ बना पाऊ।
मैं पंचशील के पालन में कुछ दीप नवीन जला पाऊ।।



नेपालसिंह

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत विभाग हुआ सख्त, बकाया राशी जमा कराने उठाए ट्रांसफार्मर



**बाड़ी।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कृषक के नलकूप कनेक्शन की बकाया राशि जमा नहीं करने पर विद्युत ट्रांसफार्मर उतारे गए। विद्युत ट्रांसफार्मर पर एक लाख से अधिक की राशि बकाया है । विद्युत विभाग द्वारा बुधवार बाड़ी ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम बरोदिया डूमर भारकछ,किशनपुर बिसेर क्षेत्र के ऐसे करीब आठ नए ट्रांसफार्मरों को खेतों से उठाया जिन पर लगभग 12 लाख से अधिक बकाया राशी थी। मौके पर 04 ट्रांसफार्मर के विद्युत उपभोक्ताओं ने लगभग 4 लाख की राशी जमा करवाई गईं व ट्रांसफार्मर को पुनः स्थापित करवाया गया। बाड़ी वितरण केंद्र पर ऐसे 120 ट्रांसफार्मर है जिन पर लगभग 1 करोड़ 40 लाख से अधिक की राशी बकाया हैए इन सभी ट्रांसफार्मर को जल्द ही मौके से उठा लिया जायेगा। उक्त टीम में उपमहाप्रबंधक शितिज गौतम,प्रबंधक करण मुजाल्दा व सहायक प्रबंधक मनोज जायसवाल के निर्देशन में लगातार कार्यवाही की जा रही है।

**इनका कहना है:-**

विद्युत ऊपभोक्ताओ से लगातार संपर्क किया जा रहा है,विद्युत उपभोक्तओं को पूर्व में कई बार सूचना पत्र जारी किये गये किन्तु अब ऐसे बड़े बकायादार उपभोक्ताओ के ट्रांसफॉमर उठा कर विद्युत बंद की जा रही है।

करन सिंह मुजाल्दा
प्रबंधक विद्युत वितरण कंपनी

### पूर्व नपा अध्यक्ष,सहित सभी 6 लोगों को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**रायसेन।** जिला मुख्यालय पर 15 साल पहले वर्ष 2006 में गौ हत्या के एक मामले में तनावपूर्ण स्थिति निर्मित होने पर थाना कोतवाली पुलिस ने अपराध पंजीबृद्ध किया था,इस मामले में रायसेन एडीजे कोर्ट द्वारा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जमना सेन,राजेश पंथी,अशोक सोनी,डालचंद सोनी,मुकदर व ताराचंद को 4 माह की सजा सुनाई है। जिसके बाद इस मामले में हाईकोर्ट जमानत के लिए अर्जी लगाई जाएगी। हाईकोर्ट जबलपुर ने सुनवाई करते हुए 10 नवम्बर 2021 को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जमना सेन, डालचंद सोनी,राजेश पंथी, आशोक सोनी सहित अन्य 2 को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय के तिपट्टा बाजार में गौ हत्या की सूचना मिलते ही तत्कालीन भाजपा नेता जमना सेन सहित उनके साथी मौके पर पहुंचे थे और इस दौरान दो सामुदाय में तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई और इस मामले में थाना कोतवाली पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया था और इस मामले में सीजेएम कोर्ट द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद एडीजे कोर्ट में अपील की गई थी और इस मामले में एडीजे कोर्ट द्वारा फैसले को यथावत रखा।

### गंज बाजार में चल रही श्रीमद भागवत कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

**रायसेन।** जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 08 में स्थित गंज बाजार हनुमान मंदिर परिसर में सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया जा रहा है। बुधवार को श्रीमद भागवत कथा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंच रही है। श्रीमद भागवत कथा का वाचन पंडित सुमित शास्त्री द्वारा किया जा रहा है। श्रीमद भागवत कथा में स्थानीय कलाकारों द्वारा आकर्षक मंचन कर भगवान श्रीकृष्ण की कई लीलाओं को दिखाया जा रहा है।



## मिश्र तालाब पर भोजपुरी समाज की महिलाओं ने की छठ की पूजा अर्चना

**रायसेन।** मिश्र तालाब पर भोजपुरी समाज के लोगो द्वारा धूम धाम से मनाया गया छठ पर्व,भोजपुरी समाज में छठ पूजा का है विशेष महत्व,मान्यता है कि छठ पूजा मुख्य तौर पर संतान प्राप्ति और संतान की लंबी उम्र के लिए होती है। साथ ही घर की सुख शांति और समृद्धि के लिए भी यह पूजा की जाती है,छठ से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। बुधवार की शाम को वार्ड क्रमांक 09 में स्थित प्राचीन मिश्र तालाब पर भोजपूरी समाज की महिलाओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर छठ की पूजा अर्चना करते हुए डूबते सूरज को आर्ध्य दिया गया। इस मौके पर भोजपुर समाज के लोगों ने मिश्र तालाब पर जमकर आतिशबाजी भी की। छठ की पूजा पंडित रमेश तिवारी द्वारा विधि पूर्वक करवाई गई। महिलाएं पूजा अर्चना के लिए परम्परा गत वेशभूषा में पूजा करने के लिए पहुंची और उन्हें छठ की पूजा की एवं आज 11 नवम्बर की सुबह महिलाओं द्वारा उगते सूरज की पूजा अर्चना विधि पूर्व की जाएगी। छठ पूजा को लेकर मिश्र तालाब में भोजपूरी समाज में काफी उत्साह का माहौल नजर आया।

## आरोपी व्यक्ति को आरोपों के आधार पर बंदी बनाकर नहीं रखा जा सकता है जानिए/The Indain Constitution,1950...।

- बी.आर. अहिरवार,
ब्यूरो हेड होशंगाबाद,
मो.-9827737665

**होशंगाबाद।** वैसे कानून के जानकारों को तो पता ही होता है उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 एवं 226 के अनुसार जनहित याचिका दायर की जाती है। उच्चतम न्यायालय में सिर्फ मूल अधिकार के उल्लंघन को लेकर जनहित याचिका दायर करवा सकते हैं, लेकिन उच्च न्यायालय में मूल अधिकार को लेकर सामान्य विधि के उल्लंघन या लोकहित वाद को लेकर भी याचिका दायर की जा सकती है। न्यायालय को लगता है अगर याचिका सही हो तो रिट अर्थात न् एक लिखित आदेश दे सकता है। आज के लेख में हम आपको बताएंगे कि उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट कब जारी करता है जानिए।

**बन्दी-प्रत्यक्षीकरण रिट-?**

बंदी प्रत्यक्षीकरण का अर्थ होता है निरूद्ध या गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायालय



के समक्ष प्रस्तुत करवाना। जब किसी व्यक्ति को अवैध रूप से गिरफ्तार किया जाता है तब ऐसे व्यक्ति की स्वतंत्रता इसी रिट के माध्यम से सुरक्षित की जाती है। यह रिट किसी भी पुलिस अधिकारी,जेल अधिकारी या कोई भी प्राइवेट व्यक्ति के लिए निकली जा सकती है जिसने व्यक्ति को बन्दी बनाकर रखा हुआ है। अगर कोई व्यक्ति या अधिकारी इस रिट की आज्ञा का उल्लंघन करता है तो न्यायालय की अवमानना का दण्ड दिया जाएगा।

**न्यायालय इस रिट के द्वारा-**

1. गिरफ्तार करने वाले व्यक्ति से गिरफ्तारी का कारण पूछेगा।
2. गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश देगा।

उपर्युक्त विषय पर हो बन्दी प्रत्यक्षीकरण पर रिट याचिका जनहित वाद में प्रस्तुत की जा सकती हैं।

कब ये रिट याचिका दायर नहीं कि जा सकती है-?

1. जब कोई व्यक्ति उस उच्च न्यायालय की अधिकारिता के भीतर निरूद्ध नहीं है तब।
2. कोई गिरफ्तार व्यक्ति किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो तब अर्थात किसी व्यक्ति को जब तक जेल में नहीं रखा जाएगा तब तक वह आरोपी है। अपराध सिद्ध होने के बाद उसे बंदी बनाकर रख सकते हैं।
3. किसी अभिलेख न्यायालय अथवा संसद द्वारा अवमानना के लिए या कार्यवाही में हस्तक्षेप करने पर।
4. बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट और भी विस्तृत हैं पर हमारा उद्देश्य आपको कम शब्दों में ज्यादा एवं सरल भाषा में जानकारी देना है?

## उद्यानिकी खेती से किसानों को 55% व 45% अनुदान, सरकार कर रही है किसानों को प्रोत्साहित



**रामेश्वर नरवरिया- रायसेन।** ड्रिप इर्रिगेशन सिस्टम × मल्चिंग सिस्टम से किसान कर रहे है उन्नत किसानी ड्रिप सिस्टम से कम पानी मे अच्छी पैदावार साथ ही समय की बचत होती हैं मल्चिंग से खरपत बार नही होती है जिसे किसान को निदाई गुड़ाई की बचत होती और किसान को मजदूरों की आवश्यकता भी नही होती है। रायसेन जिले के किसान उद्यानिक खेती को बढ़ावा दे रहे द्य टमाटर की खेती , मिर्च, तरबूज व अन्य फूलों की खेती करने लगे हैद्य ड्रिप सिस्टम एवं मल्चिंग पर प्रधान मंत्री सिचाई योजना के अंतर्गत किसानों को 55% व 45% अनुदान मिलता है। जिससे किसान भाई शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर उन्नति कर रहे है रायसेन जिले मे ड्रिप इर्रिगेशन सिस्टम × मल्चिंग सिस्टम को किसान आधुनिक खेती किसानी, किसान जागरूक हो रहे है। जायद जानकारी के लिए किसान भाई नजदीकी उद्यानकी विभाग से संपर्क कर के ड्रिप इर्रिगेशन सिस्टम × मल्चिंग सिस्टम को आसानी से समझ सकते है। आगामी समय मे किसानी, आधुनिक खेती पर निर्भर होगी। किसान आधुनिक खेती की तरफ जल्द कदम रखेगा तभी किसान उन्नति कर पाएगा7शासन प्रशासन के हर संभव प्रयास से किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

## रायसेन में शुरू होगा एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस प्रशिक्षण

### कृषि क्लीनिक,कृषि व्यवसाय के लिए युवाओं को मिलेगा ऋण

**रायसेन।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय,भारत सरकार व राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान, मैनेज, हैदराबाद द्वारा बेरोजगार युवाओं के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र रायसेन द्वारा प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। कृषि, जीव विज्ञान, प्रांणी विज्ञान, व रसायन संकाय से स्नातक छात्र व छात्राऐं इस प्रशिक्षण हेतु आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये कृषि विज्ञान केन्द्र, रायसेन में सम्पर्क करें या बेवसाईट पर से जानकारी प्राप्त करें। कृषि




आधारित कृषि उद्यम प्रारम्भ करने के लिये कृषि क्लीनिक और कृषि व्यवसाय योजना चलायी जा रही है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. स्वप्निल दुबे ने बताया कि मैनेज संस्थान, हैदराबाद द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र को नोडल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट बनाया गया है। जिसमें इच्छुक युवाओं को 45 दिवसीय प्रशिक्षण विभिन्न विषय, मृदा स्वास्थ्य, फसल पद्धति, पौध सुरक्षा, कटाई उपरांत प्रबंधन, बाजार मूल्य इत्यादि पर दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना प्रबंधन, लेखा संधारण, बाजार सर्वेक्षण, व्यक्तिगत विकास, इंटरनेट सम्बन्धी जानकारी व समय-समय पर कृषि के क्षेत्र के सफल उद्यमियों के व्यवसायिक संस्थानों का भ्रमण भी कराया जायेगा।


**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किया जा रहे है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
भोपाल (मप्र)मो.-9755364204

विशाखा पाईप
प्रो. महेश नरवरिया
8770613405
7509776922
शासकीय अनुदान पर पाईप उपलब्ध है।



सभी प्रकार के साईजो मे पाईप उपलब्ध है।
स्प्रींकलर सेट, पाईप लाइन सेट, ड्रिप सिस्टम, पी.वी.सी पाईप, मोटर अदि सब्सिडी पर उपलब्ध है।
M.D. & SONS
पता: वार्ड न. 14, ग्रीन वैली फॉरेस्ट नाका के सामने, सुल्तानपुर (रायसेन)

जनजातीय गौरव दिवस पर विशेष

# दीपिका के डॉक्टर बनने का सपना होगा साकार

## जनजातीय बच्चों के सपनों को मिल रही परवाज



**भोपाल।** भोपाल से लगभग 40 किमी दूर सुदूर अंचल में स्थित खाखरडोल गांव की दीपिका का डॉक्टर बनने का सपना है। दीपिका को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रायवेट स्कूल में नि:शुल्क शिक्षा के तहत एडमिशन दिलाया गया। दीपिका रोज बस से गांव से करीब 6 से 7 किलोमीटर दूर प्रायवेट स्कूल में पढ़ने जाती है। दीपिका सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में कक्षा चौथी की छात्रा है। मेधावी छात्रा दीपिका बताती है कि वो डॉक्टर बनकर बीमार, दुखी व्यक्तियों की सेवा करना चाहती है। दीपिका पढ़ाई में बहुत होशियार है और उसे इंगिलश एवं विज्ञान विषय में विशेष रूचि है।

उल्लेखनीय है कि दीपिका के पिता खेतीहर किसान हैं उसी से उनकी आजीविका चलती है। दीपिका के पिता थान सिंह वामनिया ने दीपिका की प्रतिभा को पहचान कर शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत नि:शुल्क प्रवेश योजना का लाभ लिया। उन्होंने बताया कि उनके तीनों बच्चे शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रायवेट स्कूल में नि:शुल्क पढ़ते हैं। तीनों बच्चों की फीस शिक्षा विभाग द्वारा दी जाती है। दीपिका पर उसके दादा-दादी को भी बहुत नाज़ है। उन्होंने गर्व से बताया कि हमारी पोती सरकारी योजना के तहत प्रायवेट स्कूल में नि:शुल्क पढ़ती है हम उसको आगे बढ़ने और पढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं साथ ही उन्होंने शासकीय अमले का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत सीईओ विकास मिश्रा भी उनके घर आकर दीपिका से मिले और उसे आगे पढ़ने के लिए प्रेरित किया। दीपावली पर दीपिका को उपहार में डिक्शनरी, एटलस, कॉपी, रजिस्टर, पेन-पेंसिल, ड्राइंग बुक, स्कूल बेग सहित अन्य सामग्री भी दी।

पूजा-अर्चना



**भोपाल।** भगवान आदित्य नारायण की उपासना का पर्व 'छठ' डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भोजपुरी एकता संस्था द्वारा हथाईखेडा तालाब मे मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप विधानसभा अध्यक्ष माननीय गिरीश गौतम थे। गौतम इस अवसर पर भोजपुरी समाज को शुभकामनाएँ प्रदान की तथा उत्सव के भागीदार बने।

### राव माफी मांगे नहीं तो युवक कांग्रेस करेंगी बीजेपी प्रदेश कार्यालय का घेराव: राहुल चौबे

# बीजेपी प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव के बयान का विरोध हुआ तेज, युवक कांग्रेस ने फूंका पुतला

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव द्वारा बीते दिनों दिए गए विवादास्पद बयान जिसमें उनके द्वारा संपूर्ण ब्राह्मण समाज एवं जैन समाज को उनकी जेब में होना कहा गया था का विरोध काफी तेज हो गया है। बुधवार को सागर युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल चौबे एवं सागर युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी के सह नेतृत्व में भगवान गंज स्थित अंबेडकर मूर्ति के पास युवक कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में भाजपा के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव का पुतला दहन किया गया। इस दौरान युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश देखने को मिला। इस दौरान सागर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल चौबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं नेताओं की जनता के प्रति क्या भावना है उनके बयानों से स्पष्ट होता है चुनाव के दौरान भाजपा के नेता जनता के पैर पकड़कर वोट मांगते हैं और बाद में उनको अपनी जेब में होने जैसे बयान देते हैं। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में जनता के प्रति जरा भी आदर और सम्मान है तो वह खुले मंच से एलान करके भाजपा के प्रदेश प्रभारी को तत्काल निष्कासित करें और साथ में यह भी स्पष्ट करें की यह बयान संपूर्ण भाजपा की तरफसे है या मुरलीधर राव का यह निजी बयान है। अगर भाजपा मुरलीधर राव पर कार्यवाही नहीं करती है तो यह माना जाएगा कि यह बयान संपूर्ण भाजपा का है। सागर युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने कहा कि अगर जल्द से जल्द भाजपा के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव संपूर्ण ब्राह्मण समाज एवं जैन समाज से माफी नहीं मांगते हैं। तो युवक कांग्रेस भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव करेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहने वालों मे मुन्ना चौबे, सुरेंद्र चौबे, गोवर्धन रैकवार, सिंटू कटारे, शरद पुरोहित, इल्ले सरदार, जतिन चौकसे जैद खान सहित अनेक युवक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## वन भूमि अधिकार-पत्र ने बदली केशू राम की जिंदगी

**भोपाल।** नीमच जिले की ग्राम पंचायत सुवासरा बुजुर्ग के ग्राम कोटडी खुर्द के अनुसूचित जनजाति किसान श्री केशू राम वर्दीचंद्र भील पूर्व में संपन्न किसानों के यहाँ दिहाड़ी मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। मध्य प्रदेश शासन द्वारा उन्हें कब्जे वाली वन भूमि पर अधिकार पत्र प्रदान किया गया। इससे उनकी जिंदगी बदल गई है। अब वे अपनी भूमि पर विभिन्न प्रकार की सब्जियाँ उगा रहे हैं तथा परिवार का भरण-पोषण अच्छे से करने के साथ ही मुनाफा भी कमा रहे हैं। दिहाड़ी मजदूरी से अपने परिवार का भरण-पोषण करने में कठिनाई आने पर केशू राम ने ग्राम पंचायत से जानकारी मिलने पर अपने कब्जे वाली भूमि के अधिकार पत्र के लिए वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर उन्हें शासन द्वारा 1.228 हेक्टेयर भूमि का अधिकार-पत्र प्रदान किया गया। केशूराम अब अपनी मर्जी के अनुसार खेती करने के लिए स्वतंत्र हो गए हैं। वे भिंडी, टमाटर, बैंगन, तोरई जैसी सब्जियाँ लगाते हैं तथा उन्हें बाजार में बेचकर न केवल परिवार का भरण-पोषण करते हैं, बल्कि मुनाफा भी कमाते हैं।

## भाषण प्रतियोगिता में 15 नवम्बर तक होगें अवेदन

**रायसेन।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा ''देशभक्ति और राष्ट्र निर्माण'' पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास थीम पर आधारित यह प्रतियोगिता ब्लॉक स्तर पर 20 नवम्बर 2021 तक आयोजित की जा रही है। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी योगेश कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित की गई है तथा 18 से 29 आयु वर्ग के युवा अपने अधिवास के जिले में भाग ले सकते हैं। इस भाषण प्रतियोगिता में केवल वही युवा पात्र हैं जिन्होंने वर्ष 2015-16 से लेकर वर्ष 2020-21 के दौरान जिला नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित देशभक्ति और राष्ट्र निर्माण पर भाषण प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया हो। ब्लॉक स्तर पर पुरस्कार के बिना स्क्रीनिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार पॉच हजार रू, द्वितीय पुरस्कार दो हजार रू तथा तृतीय पुरस्कार एक हजार रू और राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार 25 हजार रू, द्वितीय पुरस्कार 10 हजार रू तथा तृतीय पुरस्कार पॉच हजार रू प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार दो लाख रू, द्वितीय पुरस्कार एक लाख रू तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रू की राशि प्रदान की जाएगी।

## राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता ओपन में ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं किया शानदार प्रदर्शन

**देवरीकलां।** मध्यप्रदेश खो खो संघ द्वारा आयोजित 54 वी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जबलपुर में सागर जिला ने सतना को हराया। उक्त प्रतियोगिता में विकासखण्ड देवरी के 08 खिलाड़ी शामिल है 04 सागर के खिलाड़ी भाग लिया। यह पहला ही अवसर है। जब विकासखण्ड देवरी के खिलाड़ियों ने विकासखण्ड समन्वयक वसीम राजा खान के माध्यम से ओपन राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता जबलपुर में भाग लिया और अपने दो मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जहां उनका मुकाबला जबलपुर से हुआ। समन्वयक द्वारा बताया गया कि देवरी के समस्त खिलाड़ी ग्राम पंचायत गौरझामर के हैं। ग्राम पंचायत गौरझामर से राज्य स्तरीय खो खो टीम में श्रेया उपाध्याय, सोनल जैन, प्रतिभा सतनामी, नम्रता सतनामी, सपना लोधी, रूचि गौड़, सुचि जगाति श्रुति करण शामिल है। वसीम राजा खॉन विकासखण्ड समन्वयक देवरी टीम के मुख्य कोच हैं।

## कांग्रेस ने भाजपा प्रदेश प्रभारी का किया पुतला दहन




**सागर।** राहतगढ़ में भाजपा प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव द्वारा ब्राह्मण एवं जैन समाज पर अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में वसीम खान जिला महामंत्री युवा कांग्रेस के नेतृत्व में मुरलीधर राव एवं भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। इस मौके पर वसीम खान ने कहा जिन ब्राह्मण एवं जैन समाज की वोट लेकर प्रदेश एवं देश में भाजपा सरकार राज कर रही है। मुरलीधर राव द्वारा उनको जेब में रखने वाला बयान बेहद निंदनीय है।

इस मौके पर गोलू चौबे ने कहा जिस ब्राह्मण समाज ने भाजपा की नींव रखी आज उनको भाजपा के प्रभारियों द्वारा अपमानित किया जा रहा है इसका समाज को मिलकर विरोध करना चाहिए। इस मौके पर शहर अध्यक्ष फहीम कुरैशी, नंद किशोर भारती असलम मंसूरी अभिषेक राय लखन लाल अहिरवार रईस कुरैशी कपिल अहिरवार शादाब मंसूरी विमल अहिरवार गणेश साहू कासिम कुरेशी सलमान मंसूरी जुबेर मंसूरी इमरान कुरेशी राजमल चौधरी वकील मंसूरी रंजीत अहिरवार एवं सभी कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## होटल कर्मचारी ने की खुदकुशी

### वाट्सऐप पर सुसाइड करने का स्टेटस देख दोस्त घर पहुंचा, तब तक हो चुकी थी देर



**भोपाल।** भोपाल के खजूरी सड़क थाना इलाके के गांव बकानिया में होटल कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। बताया गया कि आत्मघाती कदम उठाने से पहले उसने सोशल मीडिया वाट्सऐप पर एक स्टेट्स अपलोड किया था। स्टेट्स में उसने लिखा कि वह आत्महत्या कर रहा है। स्टेट्स देखने के बाद उसका दोस्त घर पहुंचा। तब तक काफी देर हो चुकी थी। एसआई महेश माझी ने बताया कि गांव बकानिया में रहने वाला राजकुमार नायर पिता अचल सिंह नायर (26) होटल में नौकरी करता था। सोमवार की रात खाना खाने के बाद वह कमरे में सोने चला गया। मंगलवार सुबह उसका दोस्त राजेश वाट्सऐप पर उसका स्टेट्स देखा। जिसमें उसने सुसाइड करने की बात लिखी थी। दोस्त घर पहुंचकर परिजनों को बताया। परिजन उसके कमरे में पहुंचे तो वह फंदे पर लटका मिला। उसे फंदे से नीचे उतारा तब तक काफी देर हो चुकी थी। पुलिस का कहना है कि सोमवार की रात ही उसने खुदकुशी की होगी। राजकुमार की शादी नहीं हुई थी। परिजन के बयान नहीं हो सके हैं। इसलिए आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका। पुलिस होटल में राजकुमार के साथ काम करने वाले कर्मचारियों और मैनेजर से भी उसके बारे में पूछताछ करेगी।

## न्यूज मेल

### डेंगू-लार्वा और मलेरिया सर्वे



■ 1392 घरों का सर्वे - लार्वा को टेमोफांस डाल कर नष्ट किया गया
■ जिले में 329 लोगों की मलेरिया जांच की गई

**भोपाल।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों, अति संवेदनशील क्षेत्रों, स्लम एरिया और अन्य बस्तियों में डेंगू लार्वा, मलेरिया, रैपिड टेस्ट, ब्लड स्लाइड कलेक्शन और कोरोना से बचाव की जानकारी आदि का कार्य व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे ने बताया कि मलेरिया की रोकथाम के लिए विभिन्न क्षेत्रों में दल नियुक्त कर अभियान चलाया जा रहा है। भोपाल जिले में 329 लोगों की रेपिड टेस्ट से मलेरिया की जाँच की गई। जिनमें भोपाल शहर में 181 और बैरसिया में 70 से अधिक लोगों की मलेरिया जांच के लिए नमूने लिए गए। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में डेंगू के लार्वा के लिए 44 टीमों का दल नियुक्त किया गया है जिनके द्वारा 1392 घरों का सर्वे कर किया गया और 70 घरों में लार्वा पाया गया। अलग अलग जगहों पर 10 हजार से अधिक बर्तनों में लार्वा सर्वे किया गया, जिसमें केवल 76 बर्तनों में लार्वा पाया गया। डेंगू के लार्वा को टेमोफांस डाल कर नष्ट किया गया।

### आज इन इलाकों में कटौती



### 7 नंबर स्टॉप, नागार्जुन कैम्पस, निर्मल नगर और घरौंदा इलाके में 6 घंटे बिजली की सप्लाई नहीं

**भोपाल।** भोपाल के कई इलाकों में 11 नवंबर को बिजली कटौती होगी। बिजली कंपनी इन इलाकों में मेंटेनेस करेगी। कंपनी के अनुसार, मानसरोवर कॉम्पलेक्स, अंकुर कॉम्पलेक्स, 7 नंबर स्टॉप, नागार्जुन कैम्पस, निर्मल नगर, घरोंदा एवं आसपास के इलाकों में मेंटेनेंस होगा। इससे यहां पर सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक बिजली की सप्लाई नहीं की जाएगी।

### शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय के 21 विद्यार्थियों को मोबाइल फोन दिए गए

# मोबाईल का उपयोग ज्ञान अर्जित करने के लिए करें: परमार

**भोपाल, 10 नवम्बर।** स्कूल शिक्षा और सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय के नित नये प्रयोग कर विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास सराहनीय है। इसी तरह सभी विद्यालयों को विद्यार्थियों के समुचित विकास और उन्नयन के लिए कार्य करना चाहिए। मंत्री परमार अभ्युत्थानम वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री परमार ने फाउंडेशन के सहयोग से विद्यालय के चयनित 21 मेधावी और जरूरतमंद विद्यार्थियों को एक लाख 21 हजार रुपये मूल्य के मोबाइल डोन प्रदान किये। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि मोबाइल का उपयोग ज्ञान अर्जित करने के लिए करें। ज्ञान रूपी अमृत से अपने संकल्प को पूरा कर जीवन में ऊँचाईयों को छुए। मंत्री परमार ने विद्यालय परिसर में एक करोड़ रुपये की लागत से नव-निर्मित बहुउद्देशीय हॉल का लोकार्पण भी किया। मंत्री परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में अमूल-चूल परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है। आजादी के 70 वर्ष बाद देश की जनता के सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार की गई है। यह शिक्षा नीति शिक्षा का उच्च स्तर और गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों में समाज के प्रति दायित्व बोध और संवेदनशीलता के गुण विकसित करेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ रोजगार देना नहीं है बल्कि श्रेष्ठ नागरिक का निर्माण करना भी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से पोषित श्रेष्ठ नागरिक भारतीय मूल्यों और आदर्शों के आधार पर भारत का पुनर्निर्माण कर उसे पुन: विश्व गुरु के रूप में स्थापित करेंगे। अभ्युथानम् वेलफेयर फाउण्डेशन एक स्वयं सेवी संस्था है, जिसका मुख्यालय ग्वालियर में है। यह संस्था स्व. राधेश्याम द्विवेदी की चिर-स्मृति में स्थापित की गयी है। अभ्युत्थानम् वेलफेयर फाउण्डेशन समाज सेवा के क्षेत्र में विशेष रूप से प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं की सहायता, शिक्षा, राष्ट्रभाषा के उत्थान के लिए वृहत रुप से कार्य करती है। इस अवसर पर संचालक लोक शिक्षण के.के. द्विवेदी, अपर संचालक द्वय धीरेंद्र चतुर्वेदी, डी.एस. कुशवाहा, संयुक्त संचालक राजीव तोमर, जिला शिक्षा अधिकारी नितिन सक्सेना और प्राचार्य सुधाकर पाराशर सहित संबंधित विभागीय अधिकारी, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।



**एक करोड़ रुपए की लागत से नव-निर्मित बहुउद्देशीय हॉल का किया लोकार्पण**

### महिला पशु चिकित्सकों का अखिल भारतीय सम्मेलन 13-14 को भोपाल में



**भोपाल।** भारत के आजादी के 75वें वर्ष 'अमृत महोत्सव' के तहत इंडियन वेटनरी एसोसिएशन के महिला प्रकोष्ठ द्वारा देश की महिला पशु चिकित्सकों का अखिल भारतीय 'शक्ति सम्मेलन' 13 एवं 14 नवंबर 2021 को भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। देश में पहली बार होने वाले 'शक्ति सम्मेलन' का शुभांरभ 13 नवंबर को प्रात: 11 बजे केन्द्रीय मंत्री मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी पुरुषोत्तम रूपाला करेंगे। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री प्रेमसिंह पटेल, केन्द्रीय सचिव मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी अतुल चतुर्वेदी विशिष्ट अतिथि, पूर्व सांसद नितिश भारद्वाज, अपर मुख्य सचिव पशुपालन एवं डेयरी विकास जेएन कसोटिया और नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एसपी तिवारी विशेष अतिथि होंगे। प्रख्यात समाजसेवी सुनील अंबेकर मुख्य वक्ता होंगे।

#### विभिन्न राज्यों की करीब 300 महिला चिकित्सक लेंगी भाग

सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 300 महिला पशु चिकित्सक, वैज्ञानिक, शिक्षाविद और उद्यमी शामिल हो रही हैं। दो दिवसीय सम्मेलन में महिला पशु चिकित्सकों के सशक्तिकरण, उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्य, देश के आर्थिक विकास में योगदान और संबंधित अन्य प्रमुख विषयों पर मंथन किया जायेगा। सम्मेलन में विचार-विमर्श के आधार पर आगामी रणनीति तैयार करने के लिए भोपाल संकल्प पारित किया जाएगा। सम्मेलन में 'शक्ति स्मारिका' का विमोचन भी होगा।

## 4 ग्राम पंचायतों को संपूर्ण सुरक्षा कवच, 100 परसेंट हुई वैक्सीनेटड

नगर संवाददाता

**भोपाल, 10 नवम्बर।** कोविड-19 से संपूर्ण सुरक्षा के लिए वैक्सीन की दोनों डोज लगवाने की अपील का व्यापक असर दिखने लगा है। सरकारी मशीनरी भी इस टीकाकरण अभियान में प्राण-पण से जुट गए हैं। चार चरणों के आज से प्रारंभ हुए वैक्सीनेशन के महा अभियान में भोपाल जिले के 4 ग्राम पंचायतों के सभी नागरिकों के टीकाकरण के साथ उन्हें कोरोना से संपूर्ण सुरक्षा मिल गई है।

जिला टीकाकरण अधिकारी कमलेश अहिरवार ने बताया कि ग्राम पंचायत सुकलिया की जनसंख्या 1995 है इसमें से 18 वर्ष से अधिक आयु के वैक्सीनेशन के लिए 770 नागरिकों का टीकाकरण किया गया है। इसी तरह 1713 जनसंख्या वाले ग्राम पंचायत भैसखेड़ा में 994 व्यक्तियों को वैक्सीन के दोनों डोज लगाये जा चुके है। इसी प्रकार 2954 जनसंख्या वाले ग्राम पंचायत रतुआ रतनपुर में 18 वर्ष से अधिक आयु के 1947 वोटर सूची में अद्यतन दर्ज थे जिसमें से 1922 एवं इचगिरी में 1349 व्यक्तियों को दोनों डोज लगाये जा चुके है।

महा वैक्सीनेशन अभियान के पहले चरण के पहले दिन बुधवार को भोपाल की जनपद पंचायत बैरसिया की चार ग्राम पंचायत भैसखेड़ा, सुकलिया, इचगिरी और रतुआ रतनपुर में शत-प्रतिशत टीकाकरण हुआ है।





### धूप वाली ऊर्जा के सहारे स्ट्राबेरी की खेती से अधिक मुनाफा कमा रहे है खरगोन जिले के जनजातीय किसान

## मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना के सहारे करने लगे हैं बाजार आधारित खेती

**भोपाल, 10 नवम्बर।** खरगोन जिले के झिरन्या, भगवानपुरा और भीकनगांव जनपद के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों के जनजातीय किसान अब 'धूप वाली ऊर्जा के सहारे बाजार की मांग के अनुसार खेती कर अधिक मुनाफा कमा रहे हैं। कुछ समय पूर्व तक ये किसान भाई बिजली आने के इंतजार में सिर्फ एक फसल ले रहे थे। कुछ किसान डीजल पंप के सहारे दूसरी फसल भी लेते थे, जो अत्यंत खर्चीला होता था तथा उन्हें बहुत कम मुनाफा मिल पाता था। इस तरह मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना उनके लिए वरदान साबित हो रही है। आत्मा परियोजना में सबसे पहले वर्ष 2013 में झिरन्या जनपद के अति दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र कोठा बुजुर्ग के किसान पन्नालाल छत्तर सिंह सोलंकी को सोलर पंप प्रदान किया गया था। पन्नालाल ने इसका लाभ उठाते हुए खूब मेहनत से खेती की ओर अच्छा लाभ कमाया।

## यूथ नेटवर्क से जुड़े युवाओं ने पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

### स्वच्छ हरित पर्यावरण है हमारा अधिकार

**भोपाल।** पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ विकास के लिए काम करने वाले युवाओं के ग्रूप मप्र यूथ नेटवर्क द्वारा 11 नंबर स्टॉप स्थित गांधी प्रतिमा पर पर्यावरण सुरक्षा संकल्प लेते हुए अपने पर्यावरणीय अधिकारों को लेकर आवाज उठाई। दुनिया भर में जारी ग्लोबल एक्शन मंथ के अंतर्गत प्रदेश के भोपाल, पन्ना, रीवा, सतना, हरदा, बड़वानी, विदिशा आदि जिलों से आये हुए युवाओं ने स्वच्छ हरित हो पर्यावरण हमारा के नारे के साथ ग्लोबल अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर युवाओं ने प्रदेश की जैव विविधता बचाने, साफ सफाई रखने, पॉलीथिन का उपयोग न करने तथा ईको फ्रेंडली मॉडल से विकास कार्य किये जाने को लेकर जागरुकता रैली व मानव श्रृंखला का आयोजन किया। इस मौके पर पर्यावरण प्रेमी नागरिक, युवा व स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।



### युवा चलाएंगे स्वच्छता हरित पर्यावरण अभियान

यूथ फॉर इकोलॉजिकल सस्टेनेब्लिटी से जुड़े मप्र यूथ नेटवर्क के सदस्यों द्वारा प्रदेश भर में ग्लोबल एक्शन मंथ के तहत स्वच्छ हरित पर्यावरण अभियान चलाया जाएगा जिसकी शुरुआत भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला से की गई। इसके तहत विभिन्न जिलों में स्वच्छता श्रमदान, पौधरोपण, नुक्कड़ नाटक, जल संरचना की सफाई व सुधार तथा पॉलीथिन पर रोक को लेकर गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा यह जानकारी नेटवर्क से जुड़े रवि राठौर ने प्रदान की।

### 83 हजार का बिल वसूलने गई बिजली विभाग की टीम के साथ मारपीट

**भोपाल।** राजधानी के गौतम नगर थाना इलाके में बिजली विभाग के कनिष्ठ यंत्री और उनकी टीम के साथ दुर्व्यवहार कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने, झूमाझटकी कर मारपीट किये जाने सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। गौतम नगर पुलिस के अनुसार सन्नी वर्गिस ने शिकायत करते हुए बताया कि वो मध्य विद्युत कंपनी छोला जोन के कनिष्ठ यंत्री हैं। शारदा नगर नारीयलखेड़ा के मकान नंबर 477 का 83 हजार से अधिक का बिजली बिल लंबे समय से बकाया था, जिसे आरोपी रामप्रकाश गुप्ता भर नहीं रहा था। बिल की वसूली के लिए सन्नी बीती दोपहर को अपनी टीम के साथ में रामप्रकाश के घर पहुंचे। वहां उसे समझाईश दी गई कि अगर बिजली बिल न भरा गया तो नियमानुसार कनेक्शन काटा जा सकता है। इसके बाद भी जब उसने बिल भरने से इंकार किया तो कनेक्शन काटने की कार्रवाई के लिए उसे पंचनामे पर साइन करने के लिए कहा गया।

## संपादकीय

### अखिलेश यादव को चाहिए छोटे दलों का साथ, पर चाचा शिवपाल पर नहीं है विश्वास



भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर करने के बड़े अभियान में लगे पूर्व मुख्यमंत्री तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 21 नवंबर को लखनऊ में राष्ट्रीय लोकदल के साथ गठबंधन का औपचारिक ऐलान करेंगे। समाजवादी पार्टी का छोटे दलों से गठजोड़ का सियासी रंग एक बार फिर चटक होने जा रहा है। 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ और 2019 के लोकसभा चुनाव में अपनी प्रबल प्रतिद्वंद्वी बसपा के साथ मिलकर भी भारतीय जनता पार्टी के सामने कोई बड़ी चुनौती खड़ी करने में नाकाम रहे सपा के मुखिया अखिलेश यादव अब छोटे दलों के सहारे 2022 के विधानसभा चुनाव के माध्यम से सत्ता में वापसी के लिए मशक्कत कर रहे हैं। छोटे दलों से गठजोड़ करके पार्टी को कितना फायदा होगा यह तो समय ही बताएगा लेकिन फिलहाल सपाइयों के हौसले बुलंद हैं। छोटे दलों से गठजोड़ के क्रम में अखिलेश यादव, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से गठबंधन के बाद अब राष्ट्रीय लोक दल से हाथ मिलाने जा रहे हैं। अखिलेश को लगता है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मोदी-योगी से किसानों की नाराजगी को वह रालोद के सहारे अपने पक्ष में भुना सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर करने के बड़े अभियान में लगे पूर्व मुख्यमंत्री तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 21 नवंबर को लखनऊ में राष्ट्रीय लोकदल के साथ गठबंधन का औपचारिक ऐलान करेंगे। उत्तर प्रदेश में 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कुनबा बढ़ाओ अभियान के तहत विभिन्न दलों के दिग्गजों को समाजवादी पार्टी में शामिल करने के साथ ही अखिलेश यादव छोटे दलों के साथ गठबंधन की अपनी योजना को प्राथमिकता पर रखे हैं। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के साथ गठबंधन करने के बाद पूर्वांचल में अपना गढ़ मजबूत करने वाले अखिलेश यादव ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपने पुराने साथी राष्ट्रीय लोकदल के साथ गठबंधन का फैसला किया है। वैसे यह पहला मौका नहीं है जब सपा और रालोद के बीच चुनावी तालमेल हो रहा है। इससे पहले भी कई बार दोनों मिलकर चुनाव लड़ चुके हैं। सूत्र बताते हैं कि राष्ट्रीय लोकदल ने 40 सीटें मांगी हैं, जबकि समाजवादी पार्टी ने रालोद को 30 सीटें देने का मन बनाया है। राष्ट्रीय लोकदल की पश्चिमी उत्तर प्रदेश के करीब एक दर्जन जिलों में अच्छी पकड़ है। समाजवादी पार्टी को भी पश्चिम उत्तर प्रदेश की करीब 30 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाली सीटों पर अच्छे वोट मिलने की उम्मीद है।

# कांग्रेस का चुनाव चिह्न भले हाथ है, पर यूपी में कोई दल उससे हाथ मिलाने को तैयार नहीं है

**कांग्रेसी ही नहीं चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर भी चाहते हैं कि कांग्रेस एकला चलो की राह पकड़ने की बजाए गठबंधन की राह पकड़ कर चले, लेकिन कांग्रेस की मजबूरी यह है कि यूपी में कांग्रेस आज वैसे ही अछूत हो गई है, जैसे कभी भाजपा हुआ करती थी। कोई भी उससे हाथ मिलाने को तैयार नहीं है। बड़े दलों की बात छोड़िए छोटे-छोटे दल भी कांग्रेस से दूरी बनाकर चल रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस को थोड़ी-बहुत उम्मीद बसपा से बची थी।**

छोटे-छोटे दल भी कांग्रेस से दूरी बनाकर चल रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस को थोड़ी-बहुत उम्मीद बसपा से बची थी। बसपा इस समय सियासी रूप से काफी कमजोर नजर आ रही है। उसके नेता एक-एक कर पार्टी छोड़ते जा रहे हैं, लेकिन दलित वोटरों की आज भी पहली पसंद बसपा ही है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी की सियासी ताकत के सामने कांग्रेस काफी 'बौनी' नजर आ रही है। कांग्रेस की यूपी प्रभारी प्रियंका वाड्रा की तमाम कोशिशों के बाद भी जमीन से जुड़ा आम कांग्रेसी उत्साहित नहीं नजर आ रहा है। इसकी वजह है पिछले कई चुनावों से कांग्रेस का लगातार गिरता हुआ जनाधार। इसीलिए पुराने कांग्रेसी दिग्गजों का लगता है कि यूपी में कांग्रेस जब तक पुनः मजबूत स्थिति में नहीं आ जाए तब तक वह गठबंधन की सियासत से परहेज नहीं करे।

कांग्रेसी ही नहीं चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर भी चाहते हैं कि कांग्रेस एकला चलो की राह पकड़ने की बजाए गठबंधन की राह पकड़ कर चले, लेकिन कांग्रेस की मजबूरी यह है कि यूपी में कांग्रेस आज वैसे ही अछूत हो गई है, जैसे कभी भाजपा हुआ करती थी। कोई भी उससे हाथ मिलाने को तैयार नहीं है। बड़े दलों की बात छोड़िए छोटे-छोटे दल भी कांग्रेस से दूरी बनाकर चल रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस को थोड़ी-बहुत उम्मीद बसपा से बची थी। बसपा इस समय सियासी रूप से काफी कमजोर नजर आ रही है। उसके नेता एक-एक कर पार्टी छोड़ते जा रहे हैं, लेकिन दलित वोटरों की आज भी पहली पसंद बसपा ही है। कांग्रेस को लग रहा था कि हासिए पर नजर आ रही बसपा उसके साथ गठबंधन का प्रस्ताव मान लेगी, इससे दोनों को ही फायदा होगा, लेकिन बसपा सुप्रीमो ने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कांग्रेस की मुहिम को ठेंगा दिखा दिया है। बसपा किसी भी सूरत में यूपी में कांग्रेस के साथ आने को तैयार नहीं है।

इसके लिए बीएसपी नेता जहां पुराने अनुभव को सामने रख रहे हैं, वहीं अहम रोड़ा पंजाब विधानसभा के चुनाव भी बने हुए हैं, जिसमें कांग्रेस और बसपा आमने-सामने हैं। यूपी में बसपा यदि कांग्रेस से हाथ मिलाती है तो इसका खामियाजा उसे पंजाब में भुगतना पड़ सकता है। वैसे राजनीति के कुछ जानकार अभी इस नतीजे पर नहीं पहुंचना चाहते हैं कि कांग्रेस-बसपा गठबंधन किसी भी सूरत में नहीं हो सकता है। यह लोग कह रहे हैं कि यूपी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी के चुनाव पूर्व गठबंधन की संभावनाएं अभी ख़त्म नहीं हुई हैं। कांग्रेस के लिए संकटमोचक की भूमिका निभा रहे प्रशांत किशोर को बसपा के साथ गठबंधन हेतु कुटनीतिक मुहिम चलाने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। पुराने कांग्रेसी और पार्टी के सचिव भक्त चरण दास ने साफ़ तौर पर कहा है कि हम बसपा के साथ गठबंधन की संभावना पर खुले मन से काम कर रहे हैं। उधर बसपा के अंदरूनी सूत्रों का भी कहना है कि मायावती किसी भी पार्टी से गठबंधन न करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार




कर रही हैं। कांग्रेस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन को लेकर अंतिम तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन यह तय है कि अगर बसपा को चुनाव पूर्व या चुनाव के बाद गठबंधन की जरूरत पड़ी तो वो कांग्रेस के साथ जायेगी। बहरहाल, बसपा सुप्रीमो मायावती अगर कांग्रेस के साथ चुनाव पूर्व

**117 सीटों में से शिरोमणि अकाली दल ने 20 सीटें बसपा को दी हैं।**

गठबंधन को लेकर उलझन में हैं तो इसके पीछे कई कारण हैं। चुनाव पूर्व सर्वेक्षण के नतीजों से आश्वस्त बसपा को लगता है कि यूपी में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में उन्हें स्पष्ट बहुमत मिलेगा, वहीँ साथ में मायावती समेत पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं को इस बात का डर भी है कि नीतीश कुमार के महागठबंधन और ओवैसी की पार्टी के चुनाव मैदान में उतरने से कई सीटों पर मुकाबला बहुकोणीय हो सकता है और अगर ऐसा हुआ तो उसका सबसे ज्यादा नुकसान बसपा को होगा। बात कांग्रेस की कि जाए तो कांग्रेस की मौजूदा रणनीति यूपी में अधिकतम 100 सीटों को हासिल करने की है। भले ही पार्टी सवर्ण सीएम की बात कहकर प्रदेश के सवर्णों के वोटबैंक पर कब्जे का मंसूबा बनाती दिख रही हो लेकिन हकीकत यह है कि कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी चुनौती यूपी में अपने दो दशक पुराने मुस्लिम और दलित वोट बैंक को हासिल करना है। इन दोनों में मुस्लिम वोट बैंक पर कब्ज़ा पाना पार्टी के लिए ज्यादा आसान है क्योंकि यूपी में अखिलेश राज में हुए दंगों और समाजवादी पार्टी की कथित वादाखिलाफी की वजह से प्रदेश के मुस्लिम बेहतर विकल्प ढूंढ़ रहे हैं। ऐसे में उनके पास कांग्रेस और ओवैसी की पार्टी के अलावा कोई तीसरा विकल्प नहीं है। अगर बसपा कांग्रेस का गठबंधन होता है तो बसपा को उन सीटों पर सीधा लाभ मिल सकता है जहाँ वो मुस्लिम वोटों के एकतरफा सपा के पक्ष में पड़ने की वजह से हारती रही है। वहीँ दूसरी तरफ सुरक्षित सीटों पर कांग्रेस के पक्ष में दलित वोटों के शिफ्ट होने की समस्या भी ख़त्म हो जाएगी। कांग्रेस-बसपा गठबंधन न होने का बड़ा कारण है पंजाब विधानसभा चुनाव जो यूपी के साथ ही होने जा रहा है। वहां बसपा का शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन है। 117 सीटों में से शिरोमणि अकाली दल ने 20 सीटें बसपा को दी हैं। इन सभी सीटों पर बसपा का सीधा मुकाबला कांग्रेस से है। इनमें से 18 सीटों पर तो हाल में कांग्रेस के ही विधायक हैं। हालांकि, सीटों के बंटवारे को लेकर पंजाब में भी असंतोष है। कुछ बसपाई कह रहे हैं कि अकाली दल ने ऐसी सीटें बसपा को दी हैं, जिन पर बसपा का जनाधार कम है। इनमें पचास प्रतिशत सीटों पर तो उसका काडर वोटर बेहद कम है। बसपा सुप्रीमो मायावती कांग्रेस के गठबंधन के आफर को क्यों महत्व नहीं दे रही हैं। इसकी गहराई में जाया जाए तो पता चलता है कि कांग्रेस पिछले कुछ महीनों से जिस तरह की सियासत कर रही है, उससे मायावती काफी नाराज चल रही हैं। इनमें सबसे अहम कारण कांग्रेस द्वारा पंजाब में दलित नेता चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाना है। पंजाब में कांग्रेस ने वहां बड़ा दलित कार्ड खेला जबकि वहां कांग्रेस व बसपा आमने-सामने हैं। इतना ही नहीं, लखीमपुर खीरी में चन्नी की जबरदस्त आमद कराई गई और उन्होंने यहां तिकुनिया प्रकरण के पीड़ित किसानों को 50-50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी।

# इस बार महंगाई की मार से सिर्फ गरीब ही नहीं, मध्यम और उच्च वर्ग भी प्रभावित है

**कोरोना** काल के बाद देश में आर्थिक मंदी व सभी क्षेत्रों में बढ़ती महंगाई ने आम जनता के सामने %वह जीवनयापन कैसे करें% कि एक बहुत बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। महंगाई की मार के चलते इस बार त्योहारी सीजन में भी कोरोना काल की ही तरह बाजारों से रौनक गायब है। पिछले कुछ वर्षों में निरंतर जिस तेजी के साथ देश में महंगाई बढ़ी है, उससे गरीब तबका तो पहले से ही परेशान है, लेकिन अब तो मध्यमवर्गीय परिवार को भी अपनी आय और व्यय में सामंजस्य बैठाना बेहद मुश्किल हो रहा है। चिंता की बात यह है कि महंगाई के प्रकोप के लंबे समय से चले आ रहे हालातों में सुधार होने की जगह परिस्थितियां दिन-प्रतिदिन विकट होती जा रही हैं। कोरोना के चलते मंदी के इस दौर में हर क्षेत्र में कामकाज पहले से ही बेहद सुस्त चल रहा है। मंदी की वजह से लोगों को अपने व्यापार, रोजगार व नौकरियों को सुरक्षित रखना एक बहुत बड़ी चुनौती बनती जा रही है। मेहनतकश, नौकरी पेशा यहां तक कि व्यापारियों के लिए भी बचत तो बहुत दूर की बात होती जा



रही है, उनका दैनिक खर्चा भी पहले की भांति सही ढंग से पूरा नहीं हो पा रहा है। ऐसी विकट परिस्थितियों में लोगों को केंद्र व राज्य सरकारों के स्तर से महंगाई से राहत मिलने की बड़ी उम्मीद रखे हैं। आम जनमानस चाहता है कि सरकार कम से कम दैनिक उपभोग की बेहद आवश्यक वस्तुओं के दामों में कमी करके जल्द से जल्द महंगाई से आम आदमी को राहत प्रदान करे। सरकार को समय रहते यह समझना होगा कि देश में कोरोना महामारी के प्रकोप को लंबे समय से झेल रही आम जनता महंगाई से अब बहुत ही ज्यादा परेशान हो गयी है। सभी को ध्यान होगा कि कोरोना काल में मोदी सरकार ने %प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना% के अन्तर्गत 80 करोड़ गरीब लोगों को अनाज उपलब्ध करवाने का दावा किया था। आज उन सभी लोगों के सामने महंगाई के चलते अपना व अपने परिजनों का पेट भरना एक बड़ी चुनौती है। कोरोना व महंगाई की दोहरी मार के चलते गरीब व मध्यमवर्गीय आम जनमानस के सामने अपने घर को चलाना एक बहुत बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। देश की जनता अब रोज-रोज तेजी से बढ़ती कमरतोड़ महंगाई से बेहद त्रस्त नज़र आने लगी है। कोरोना काल के बाद देश में आर्थिक मंदी व सभी क्षेत्रों में बढ़ती महंगाई ने आम जनता के सामने %वह जीवनयापन कैसे करें% कि एक बहुत बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। महंगाई की मार के चलते इस बार त्योहारी सीजन में भी कोरोना काल की ही तरह बाजारों से रौनक गायब है। पिछ्ले कुछ वर्षों की तरह ही दीपावली त्योहार में भी इस बार व्यापार पिटता हुआ ही नज़र आ रहा है, जिससे व्यापारी बहुत चिंतित नज़र आ रहे हैं।

## सरकार के दावों पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं कुपोषण और भुखमरी के आंकड़े

यह सवाल तो उठता ही रहेगा कि इन समस्याओं से जूझने वाले देश आखिर क्यों नहीं इनसे निपट पा रहे हैं? इसका एक बड़ा कारण आबादी का बढ़ना भी है। गरीब के संतान ज्यादा होती है क्योंकि कुपोषण में आबादी ज्यादा बढ़ती है। कुपोषण और भुखमरी से जुड़ी ताजा रिपोर्ट न केवल चौंकाने बल्कि सरकारों की नाकामी को उजागर करने वाली है। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि एक ओर विकास और अर्थव्यवस्था की भावी सुखद तस्वीर की चमक की बात की जा रही हो और दूसरी ओर देश में बच्चों के बीच कुपोषण की समस्या के गहराते जाने के आंकड़े सामने आएं। जबकि अमूमन हर कुछ रोज बाद इस तरह की बातें शीर्ष स्तर से कही जाती रहती हैं कि बच्चे चूंकि भविष्य की उम्मीद और बुनियाद हैं, इसलिए शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने सहित बाकी मामलों में भी उनके जीवन-स्तर में बेहतरी जरूरी है। लेकिन ताजा कुपोषण एवं भुखमरी के आंकड़े शासन-व्यवस्था की एक शर्मनाक



विवशता है। लेकिन इस विवशता को कब तक ढोते रहेंगे और कब तक देश में कुपोषितों का आंकड़ा बढ़ता रहेगा, यह गंभीर एवं चिन्ताजनक स्थिति है। लेकिन ज्यादा चिंताजनक यह है कि तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद कुपोषितों और भुखमरी का सामना करने वालों का आंकड़ा पिछली बार के मुकाबले हर बार बढ़ा हुआ ही निकलता है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार देश में तैंतीस लाख से ज्यादा बच्चे कुपोषित हैं। इनमें से आधे से अधिक बच्चे अत्यंत कुपोषित की श्रेणी में आते हैं। ये आंकड़े पिछ्ले साल विकसित पोषण ऐप पर पंजीकृत किए गए, ताकि पोषण के नतीजों पर निगरानी रखी जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### डे-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत स्वरोजगार कार्यक्रम के तहत् उत्कृष्ट कार्य करने पर नगर निगम आयुक्त की प्रशंसा

सागर। दीनदयाल अंत्योदय डे-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने पर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र भोपाल निकुंज कुमार श्रीवास्तव द्वारा नगर निगम आयुक्त आरपी अहिरवार एवं नगर निगम एनयूएलएम शाखा की पूरी टीम को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुये किये गये कार्यों की सराहना की है। ज्ञातव्य हो कि नगर निगम आयुक्त आरपी अहिरवार के निर्देशानुसार नगर निगम एनयूएलएम शाखा की टीम के द्वारा शत प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति करने के कार्यों में उत्कृष्ट कार्य का प्रदर्शन करते हुये योजना के लिये कुछ घटकों में 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करते हुये मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर नगर निगम आयुक्त आरपी अहिरवार ने एनयूएलएम सिटी मैनेजर सचिन मसीह एवं एनयूएलएम की पूरी टीम को बधाई दी है।

### कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर भाजपा नेता मुरलीधर राव का पुतला फूंका।



सागर। मप्र भाजपा के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव के ब्राह्मण और बनिये भाजपा की जेब में वाले बयान के खिलाफब्लॉक कांग्रेस कमेटी मकरोनिया युवा कांग्रेस नरयावली के तत्वाधान में कांग्रेसियों ने पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी की अगवाई में मकरोनिया चौराहे पर भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर भाजपा नेता मुरलीधर राव का पुतला दहन कर तीखा आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष ने सौंपा आवेदन



बण्डा। भाजपा मंडल अध्यक्ष देवपाल सिंह ने कलेक्टर सागर को आवेदन दिया है डीएपी यूरिया की कमी के कारण रवि की फसल की बोनी मैं आ रही बंडा विधानसभा के किसानों की परेशानी को देखते हुए भाजपा बहरोल मंडल अध्यक्ष देवपाल सिंह लोधी एवं बाबू बाबू सिंह मुड़िया कलेक्टर दीपक आर्य से मिले एवं क्षेत्र के किसानों को खाद न मिलने से हो रही समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर द्वारा अति शीघ्र खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया और कहा कि कल से क्षेत्र की सभी सोसाइटी में खाद भेजने का कार्य होगा।

### विधायक जन चौपाल हुई आयोजित, सुनी समस्यायें

सागर। नरयावली विधायक प्रदीप लारिया द्वारा आयोजित जन चौपाल लम्बे अंतराल के बाद आज पुराना कलेक्टर परिसर में आयोजित हुई। जन चौपाल में अधिकांश ग्रामों के लोगों ने अपनी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। विधायक लारिया ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समस्याओं का समाधान कराये जाने संबंधी बात रखी। जन चौपाल में मुख्य रूप से भूमि सीमांकन, अतिक्रमण, किसान सम्मान निधि राशि, आवास हितग्राहियों की राशि के विषय जन चौपाल में आये।

## भोपाल में स्थापित की जाएगी श्री पटवा की प्रतिमा

# प्रदेश की प्रगति और विकास को श्री पटवा ने नए आयाम दिए : मुख्यमंत्री श्री चौहान

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किया स्व. श्री सुंदरलाल पटवा को नमन

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री सुंदरलाल पटवा की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निवास स्थित सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उन्हें स्मरण करते हुए कहा कि स्व. श्री सुंदरलाल पटवा के बिना मध्य प्रदेश की राजनीति की कल्पना नहीं की जा सकती। लगभग आधे दशक तक वे मध्यप्रदेश की राजनीति के केंद्र-बिंदु रहे। उनकी संगठन क्षमता और उनकी वक्तव्य कला का सब लोहा मानते थे। राजनीति और दलीय सीमाओं से ऊपर उठकर उन्होंने सबका आदर और सम्मान प्राप्त किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संगठन को जन-जन तक ले जाने में उनके योगदान को हम भुला नहीं सकते। मेरे जैसे कार्यकर्ता तैयार करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उनकी स्मृति को चिर-स्थाई रखने के लिए भोपाल में श्री सुंदरलाल पटवा की प्रतिमा लगाई जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश की प्रगति और विकास को श्री पटवा ने नए आयाम प्रदान किए। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की कल्पना उन्हीं की थी। मुख्यमंत्री के नाते श्री पटवा ने प्रदेश के विकास और जनता के कल्याण में अमूल्य योगदान दिया। वे जनता के दिलों पर राज करते थे। उनकी सभा की घोषणा होते ही जन-समूह उमड़ पड़ता था। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं अपनी ओर से और प्रदेश की जनता की ओर से स्व. श्री पटवा के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूँ।



### स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने दी बधाई

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कोविड टीकाकरण महाअभियान-5 की सफलता पर टीकाकरण से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के साथ महिला-बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन, राजस्व, स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग के ग्राम-स्तर से लेकर जिला-स्तर तक पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा कोरोना वैक्सीन की एक भी डोज नहीं लगवाने वालों और जिनकी दूसरी डोज ड्यू हो गई थी, उन्हें टीकाकरण केन्द्र लाकर टीका लगवाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

#### मध्यप्रदेश ने एक दिन में फिर बनाया वैक्सीनेशन में रिकार्ड

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दी प्रदेशवासियों को बधाई

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश की जागरूकता जनता के सहयोग से टीकाकरण महाअभियान में देश में पुन: सर्वाधिक वैक्सीनेशन का रिकार्ड बनने पर सभी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिये चलाये जा रहे महाअभियानों में आज बड़ी सफलता मिली है। बुधवार 10 नवम्बर को रात्रि 9 बजे तक 13 लाख 52 हजार टीके लगाये गये, जो देश में हुए कोविड टीकाकरण में सर्वाधिक हैं। प्रदेश में आज 11 हजार 159 टीकाकरण केन्द्रों पर वैक्सीन लगाने की सभी व्यवस्थाएँ की गई थीं। केन्द्रों पर सुबह 9 बजे से टीका लगवाने के लिये लोगों का आना शुरू हुआ, जो दिन भर चलता रहा। जन-समुदाय की भागीदारी से टीकाकरण महाअभियान-5 को सफलता मिली। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में दिसम्बर अंत तक प्रदेश के शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को कोविड वैक्सीन की दोनों डोज लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये 10, 17 और 24 नवम्बर एवं एक दिसम्बर को कोविड टीकाकरण महाअभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार 10 नवम्बर को कोविड टीकाकरण महाअभियान-5 संचालित किया गया।

# जब जब धरती पर पाप बढ़ता है तब तब भगवान अवतार लेते हैः गोपाल कृष्ण जी

सागर। मकरोनिया नेहा नगर स्थित बाबाजी मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कथा व्यास गोपाल कृष्ण जी द्वारा गाई गई बधाइयों पर श्रोता झूमते नजर आए। कथा व्यास द्वारा बताया गया कि जब पापी कंस का अत्याचार बढ़ गया और हर तरफ पाप अपने पांव पसारने लगा जिससे त्रस्त होकर सभी देवताओं ने प्रभु से धर्म की रक्षा और पापी कंस को समाप्त करने की प्रार्थना की। जिसके बाद भगवान ने सभी देवताओं को भय मुक्त किया और पापी कंस को समाप्त करने व धरती पर धर्म की रक्षा करने के निमित्त प्रभु को अवतार लेना पड़ा। कथा व्यास गोपाल जी ने



बताया कि जब जब धरती पर पाप और अधर्म बढ़ता है तब तब प्रभु अवतार लेते हैं कथा के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे।

### बण्डा में अवैध रूप से बिकने जा रहा था खाद पुलिस ने पकड़ा

बण्डा। एक ओर प्रदेश में किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहा हैं तो वहीं बंडा क्षेत्र में ब्लैक में खाद बिक रहा है और लगातार सप्लाई भी हो रहा है। जिसका उदाहरण बण्डा में तब देखने मिला जब पुलिस ने गस्त ड्यूटी के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक ट्रक को पकड़ा तो उसमें अवैध रूप से खाद से लदा हुआ था। पुलिस ने कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से सूचना दी तत्काल जिला के अधिकारियों ने बण्डा पहुंचकर ट्रक को चेक कर सैंपल लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक एमएच 18 बीए 0192 वाहन चालक बाबू राम अहिरवार पिता रामप्रसाद अहिरवार उम्र 42 साल ग्राम बहिरना थाना भानगढ़ का रहने वाला है। ट्रक में अवैध खाद लेकर बण्डा आया था पुलिस ने जांच के दौरान ट्रक को चेक किया तो ट्रक में 600 बोरियां खाद की थी। एक बोरी की कीमत 1260 रुपये कुल कीमत 7 लाख 56 हजार रु है।

# टीकाकरण महा अभियान के अंतर्गत कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं निगमायुक्त ने टीकाकरण केन्द्रों का निरीक्षण किया

सागर। टीकाकरण महाअभियान के तहत् नगर निगम द्वारा शहर के 48 वार्डो में 48 टीकाकरण केन्द्र बनाये गये थे। जिनका कलेक्टर दीपक आर्य जिला पंचायत सीईओ क्षितिज सिंघल एवं नगर निगम आयुक्त आरपी अहिरवार ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर जिला पंचायत सीईओ एवं नगर निगम आयुक्त ने विभिन्न केन्द्रों पर जाकर लोगों को बताया कि कोरोना को समाप्त करने हेतु वैक्सीनेशन कराना अति आवश्यक है तभी हम और हमारा परिवार सुरक्षित रह सकता है। साथ ही जिन व्यक्तियों ने प्रथम डोज लगवाया है उन्हें




दूसरा डोज लगवाना भी आवश्यक है। तभी वैक्सीन की पूरी सार्थकता है इसलिये जिनको वैक्सीन नहीं लगी है वह आवश्यक रूप से वैक्सीन लगवाये और जिनको वैक्सीन का प्रथम डोज लग चुका है। वह नियत समय अनुसार दूसरा डोज भी आवश्यक रूप से लगवाये साथ ही अपने आस पड़ोस में अगर कोई व्यक्ति जिसको वैक्सीन नहीं लगी है उसको टीकाकरण केन्द्र तक लायें। इस टीकाकरण महा अभियान का अगला चरण 17, 24 नवम्बर एवं 1 दिसम्बर को आयोजित किया जायेगा इसलिये जो शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले नागरिकगण किसी कारणवश वैक्सीन लगवाने नहीं आये है वह 17, 24 नवम्बर एवं 1 दिसम्बर को वैक्सीनेशन कराने आ सकते है।





## शादी के तुरंत बाद हनीमून ब्रेक पर नहीं जा पाएंगे

# कटरीना कैफ और विक्की कौशल

*बॉलीवुड स्टार्स कटरीना कैफ और विक्की कौशल की शादी की खबरें इन दिनों मीडिया में छाई हुई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों दिसंबर में डेस्टिनेशन वेडिंग करने जा रहे हैं हालांकि अब तक दोनों ही स्टार्स ने इस बारे में कोई ऑफिशियल कंफर्मेशन नहीं दी है लेकिन कहा जा रहा है कि जल्द ही इस बारे में अनाउंसमेंट कर दी जाएगी।*

## नहीं मिल पाएगा हनीमून ब्रेक

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शादी के तुरंत बाद विक्की और कटरीना हनीमून पर नहीं जा पाएंगे। दरअसल, वर्क कमिटमेंट्स इसके पीछे की बड़ी वजह हैं। शादी के तुरंत बाद कटरीना को टाइगर 3 की बची हुई शूटिंग पूरी करनी है जिसमें वह सलमान खान के साथ नजर आएंगी। इसके बाद उन्हें श्रीराम राघवन की एक फिल्म की शूटिंग भी शुरू करेंगी जिसमें वह साउथ स्टार विजय सेतुपथी के साथ दिखाई देंगी। दोनों ही फिल्मों की शूटिंग शादी के तुरंत बाद दिसंबर में होनी है इसलिए कटरीना के लिए फ़िलहाल हनीमून के लिए वक्त निकालना काफी मुश्किल हो रहा है। वहीं, विक्की का भी यही हाल है। वह इस समय मेघना गुलजार की अपकमिंग बायोपिक सैम बहादुर में बिजी हैं। इसके अलावा वह कॉमेडी ड्रामा मिस्टर लेले की भी तैयारियों में जुटे हैं। ख़बरों के अनुसार विक्की और कटरीना सवाई माधोपुर के चौथ का बरवाड़ा की सिक्स सेंस बरवाड़ा फोर्ट होटल में शादी रचाएंगे। सारे फंक्शन 7 से 12 दिसंबर के बीच होगा। इसके लिए होटल की बुकिंग हो चुकी है। बस, इसकी औपचारिक घोषणा होनी बाकी है। होटल ने भी इस ड्ढक्कशादी के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं।



### कई बड़ी हस्तियां आएंगी

शादी समारोह छोटा ही होगा। बावजूद इसके सलमान खान और अन्य कई बड़े सितारों के फंक्शन में आने की पूरी संभावना है। यह भी जानकारी मिली है कि शादी का मुख्य कार्यक्रम जनाना महल में होगा। शादी समारोह में सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी निजी गार्ड संभालेंगे।

### बॉडीगार्ड का ऑन रिकॉर्ड दावा-

## राजकुमार और पत्रलेखा की अभी शादी की कोई प्लानिंग नहीं

राजकुमार राव के बॉडीगार्ड संदीप ने दैनिक भास्कर से बातचीत में उनकी शादी की खबरों का खंडन किया है। संदीप ने कहा, 'मैं तो पिछले तीन साल से राजकुमार सर के साथ काम कर रहा हूं। हाल तक हम दीवाली से



पहले बधाई दो और हिट के काम में व्यस्त थे। तीन नवंबर से तो हम सबकी छुट्टी हो गई। फिर 17 से हम अनुभव सिन्हा की फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। उस फिल्म की शूट के बाद भी न तो उनकी पर्सनल और न प्रोफेशनल कोई और प्लानिंग या कमिटमेंट है।

### शादी की इन्फॉर्मेशन गलत है-संदीप

संदीप जोर देकर कहते हैं, उनकी शादी की इन्फॉर्मेशन गलत है। अगर उनकी शादी हो रही होती तो मैं भी चंडीगढ़ होता। हकीकत यह है कि हमारे सर तो मुंबई में हैं। उनकी शादी हो रही होती तो मैं भी चंडीगढ़ में होता। अगले दो दिन भी शादी की कोई तारीख नहीं है। मैं भी खबरें देख रहा हूं। सर ने भी पूछा कि यह सब पता नहीं क्या चल रहा है।

### रिपोर्ट्स में दावा-चंडीगढ़ में रस्में शुरू

हाल ही में आई रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर 10-11-12 नवंबर को शादी करने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजकुमार राव और पत्रलेखा की शादी चंडीगढ़ में होने जा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, दोनों की शादी काफी प्राइवेट सेरेमनी में होगी। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री से केवल चुनिंदा मेहमानों को न्यौता दिया है। राजकुमार और पत्रलेखा के परिवार चंडीगढ़ पहुंच चुके हैं। कोरोना के चलते दोनों ने अपनी गेस्ट लिस्ट को काफी छोटा रखा है और डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए चंडीगढ़ को चुना है।

### 11 साल से रिलेशन में हैं दोनों

राजकुमार राव और पत्रलेखा पिछले कई सालों से रिलेशनशिप में हैं। एक इंटरव्यू के दौरान पत्रलेखा ने बताया था कि उन्होंने %लव सेक्स और धोखा% फिल्म में पहली बार राजकुमार राव को देखा था। पहली बार पत्रलेखा को लगा था कि राजकुमार, फिल्म के किरदार की ही तरह अजीब हैं, हालांकि ऐसा नहीं था।

## जाह्नवी कपूर ने डेजर्ट में ATV बाइक राइड करते हुए फोटोज कीं शेयर

एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी बहन खुशी कपूर और फ्रेंड्स के साथ दुबई में छुट्‌टीयां मना रही हैं। इस विकेशन से जाह्नवी अपनी फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर लगातार शेयर कर रही हैं। अब हाल ही में उन्होंने दुबई के डेजर्ट में,ञ्जङ्क राइड करते हुए अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज पर उनके रूमर्ड एक्स बॉयफ्रेंड शिखर परिहार ने कमेंट किया है। जाह्नवी कपूर ने,ञ्जङ्क राइड करते हुए अपनी कुछ फोटोज शेयर कर कैप्शन में लिखा, डिजर्ट इन द डेजर्ट। हैं। फोटोज में जाह्नवी अपनी बहन खुशी और अपने एक फ्रेंड के साथ,ञ्जङ्क बाइक पर पोज देते हुए नजर आ रही हैं। उनकी इन फोटो पर कमेंट करते हुए शिखर परिहार ने लिखा-माशाल्लाह। जाह्नवी की यह फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रही हैं। फैंस समेत कई सेलेब्स भी उनकी इन फोटोज पर जमकर कमेंट कर रहे हैं।



### दोस्ताना 2 में नजर आएंगी जाह्नवी

वर्कफ्रंट की बात करें तो जाह्नवी कपूर को आखिरी बार रूही में राजकुमार राव और वरुण शर्मा के साथ मुख्य भूमिकाओं में देखा गया था। उनकी इस फिल्म को दर्शकों और आलोचकों से समान रूप से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। अब वे जल्द ही दोस्ताना 2, गुड लक जेरी और करन जौहर की मैग्नम ओपस फिल्म तख्त में नजर आने वाली हैं।



## किडनी में स्टोन से जूझ रहे राकेश को हुआ असहनीय दर्द, बिग बॉस 15 से बाहर हुए एक्टर

*वाइल्डकार्ड कंटेस्टेंट राकेश बापट बिग बॉस 15 से बाहर हो गए हैं। दरअसल राकेश को किडनी स्टोन में काफी ज्यादा दर्द होने के बाद घर से बाहर कर दिया गया है। अब यह तय नहीं है कि वह शो में कब वापस आएंगे। राकेश बापट ने हाल ही में नेहा भसीन के साथ वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप में बिग बॉस 15 के घर में एंट्री ली थी। हालांकि, एक्टर को अब मेडिकल कंडीशन के चलते बेघर होना पड़ा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे इस समय मुंबई के अस्पताल में भर्ती हैं। राकेश बापट ने 6 नवंबर को बिग बॉस 15 में एंट्री ली थी। राकेश रिकवरी मोड पर हैं और उनके जल्द ही शो में लौटने की उम्मीद है। राकेश ने अपनी गर्लफ्रेंड शमिता शेट्टी को तब सरप्राइज दिया था जब वह दिवाली वीक के दौरान घर में दाखिल हुए थे। बिग बॉस 15 के पिछले एपिसोड में शमिता और राकेश को एक साथ रोमांटिक डेट एन्जॉय करते देखा गया था।*

## इंडियन होटल्स का राइट्स इश्यू के लिए 150 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय



**नयी दिल्ली।** टाटा समूह की आतिथ्य क्षेत्र की कंपनी इंडियन होटल्स लि. (आईएचसीएल) ने राइट्स इश्यू के लिए 150 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया है। कंपनी इसके जरिये पात्र शेयरधारकों से 1,982.10 करोड़ रुपये जुटाएगी। पिछले महीने कंपनी के निदेशक मंडल ने 4,000 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दी थी। इससे पहले बोर्ड ने इस साल अगस्त में 3,000 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दी थी। निदेशक मंडल ने राइट्स इश्यू के जरिये 2,000 करोड़ रुपये तक के शेयर जारी करने की मंजूरी दी थी। इसके अलावा राइट्स इश्यू पूरा होने के बाद पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की भी मंजूरी निदेशक मंडल ने दी थी। शेयर बाजारों को भेजी गई सूचना में कंपनी ने कहा कि राइट्स इश्यू पर फैसला लेने वाली समिति ने मंगलवार को 1,982.10 करोड़ रुपये मूल्य के 13,21,39,827 पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी दी।

## एमएसएमसी के लेखा परीक्षण परामर्श पत्र पर टिप्पणियां देने की तारीख बढ़ी




**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने सूक्ष्म, लघु एवं मझोली कंपनियों (एमएसएमसी) के सांविधिक लेखा परीक्षण (ऑडिट) और उससे जुड़े मानकों के बारे में जारी परामर्श पत्र पर प्रतिक्रिया देने की समयसीमा 30 नवंबर तक बढ़ा दी है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर नजर रखने वाली संस्था एनएफआरए ने गत 29 सितंबर को एमएसएमसी के ऑडिट के बारे में परामर्श पत्र जारी किया था। पहले इस पर विचार देने के लिए 10 नवंबर तक का समय दिया गया था। प्राधिकरण ने मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि परामर्श पत्र पर राय देने की समयसीमा अब महीने के अंत तक बढ़ा दी गई है। एनएफआरए ने अपने शुरुआती विश्लेषण में यह पाया है कि बड़ी संख्या में एमएसएमसी ऑडिटरों को कहीं कम शुल्क देती हैं। प्राधिकरण के मुताबिक, लेखा परीक्षण को सही ढंग से अंजाम देने पर देय शुल्क कहीं ज्यादा होता।

### झारखंड ने नीति आयोग के साथ बैठक में डीवीसी,

# कोल इंडिया का उठाया मुद्दा; केन्द्र से की गई मांग

*झारखंड सरकार ने कोल इंडिया लि. द्वारा राज्य का बकाया चुकाने के लिए केंद्र से हस्तक्षेप करने की मांग की है। राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह के नेतृत्व में झारखंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने नयी दिल्ली में नीति आयोग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की।बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित मुद्दों पर नीति आयोग का ध्यान आकर्षित किया गया।*



■ कोल इंडिया लि. द्वारा राज्य का बकाया चुकाने के लिए केंद्र से हस्तक्षेप करने की मांग की

**रांची।** झारखंड सरकार ने सोमवार को कोल इंडिया लि. द्वारा राज्य का बकाया चुकाने के लिए केंद्र से हस्तक्षेप करने की मांग की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राज्य सरकार ने नीति आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक में दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के लिए रिजर्व बैंक के खाते से स्वतः धन कटने के मुद्दे को भी उठाया। राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह के नेतृत्व में झारखंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने नयी दिल्ली में नीति आयोग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की।

बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित मुद्दों पर नीति आयोग का ध्यान आकर्षित किया गया। अधिकारियों ने राज्य में अनुसूचित जनजातियों की बेहतरी और खनिज आधारित उद्योग स्थापित करने के लिए अलग आदिवासी केंद्रित नीतियों की जरूरत पर भी जोर दिया। बैठक में भाग लेने वाले एक अधिकारी ने कहा, कोल इंडिया बकाया, दामोदर घाटी निगम, जीएसटी, राजमार्ग, सिंचाई, रेलवे, नागर विमानन, आदिवासी मामलों, कुपोषण आदि से संबंधित मुद्दों को हल करने पर चर्चा हुई।

## सेबी के नया नियम,शेयर बेंचने के एक दिन के भीतर होगा निवेशकों को भुगतान

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के अनुसार नई प्रणाली को स्टॉक मार्केट एक्सचेंज, क्लियरिंग कॉरपोरेशन और डिपॉजिटरी के संयुक्त निर्णय के बाद लागू किया जा रहा है। इसके तहत वास्तविक लेनदेन शुरू होने के एक दिन के भीतर निवेशक के पैसे की पुष्टि करनी होगी। पहले यह व्यवस्था 1 जनवरी 2022 से लागू होनी थी, जिसे अब 25 फरवरी से कई चरणों में लागू किया जाएगा। शेयर बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों को अगले साल से बिक्री के एक दिन के भीतर भुगतान किया जाएगा। बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को नई निपटान प्रणाली टी + वन को लागू करने के लिए एक रोडमैप का अनावरण किया। यह नियम 25 फरवरी 2022 से चरणों में लागू किया जाएगा। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के अनुसार नई प्रणाली को स्टॉक मार्केट एक्सचेंज, क्लियरिंग कॉरपोरेशन और डिपॉजिटरी के संयुक्त निर्णय के बाद लागू किया जा रहा है। इसके तहत वास्तविक लेनदेन शुरू होने के एक दिन के भीतर निवेशक के पैसे की पुष्टि करनी होगी।

### कब से लागू होगा नया नियम

पहले यह व्यवस्था 1 जनवरी 2022 से लागू होनी थी, जिसे अब 25 फरवरी से कई चरणों में लागू किया जाएगा। सबसे पहले शुरुआती 100 छोटी कंपनियों को शामिल किया जाएगा। नई व्यवस्था मार्च से अगली 500 छोटी कंपनियों पर लागू होगी। ये नियम अगले 500 कंपनियों पर हर महीने के आखिरी शुक्रवार को लागू होंगे। यदि शुक्रवार को अवकाश है तो इसे अगले कार्य दिवस पर लागू करना होगा।

### अक्टूबर के आधार रैंकिंग

सूचीबद्ध कंपनियों को टी + वन निपटान प्रणाली को लागू करने के लिए अक्टूबर औसत दैनिक बाजार पूंजीकरण के आधार पर क्रमबद्ध किया जाएगा। यदि कोई स्टॉक एनएसई और बीएसई दोनों एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध है, तो बाजार पूंजीकरण की गणना उच्चतम ट्रेडिंग वॉल्यूम वाले एक्सचेंज पर स्टॉक की कीमत के आधार पर की जाती है।

## अप्रैल-अगस्त में भारत का कोयला आयात 12 प्रतिशत घटकर 9.41 करोड़ टन



**नयी दिल्ली।** देश का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष के पहले पांच माह अप्रैल-अगस्त में नौ प्रतिशत घटकर 9.41 करोड़ टन रह गया। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। वित्त वर्ष 2019-20 की समान अवधि में कोयला आयात 10.70 करोड़ टन रहा था। कोयला मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि नॉन-कोकिंग कोयले के आयात में उल्लेखनीय गिरावट की वजह से अप्रैल-अगस्त में कुल कोयला आयात घटकर 9.41 करोड़ टन रह गया। समीक्षाधीन अवधि में सभी किस्मों का नॉन-कोकिंग कोयला आयात 16.09 प्रतिशत घटकर 7.08 करोड़ टन रहा। 2019-20 की समान अवधि में यह आंकड़ा 8.44 करोड़ टन रहा था। इन आंकड़ों की तुलना पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि से नहीं की गई है, क्योंकि उस समय कोविड-19 महामारी के चलते लगाए गए अंकुशों से औद्योगिक उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ था।

## सेंसेक्स 300 अंक से ज्यादा गिरा, निफ्टी 18,000 के नीचे; घाटे में चल रहे इनके शेयर



**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में बड़े पैमाने पर नकारात्मक रुख, विदेशी कोष की निरंतर निकासी और एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक एवं इंफोसिस के शेयरों के घाटे में चलने के साथ सेंसेक्स बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में 300 अंक से ज्यादा टूट गया। शुरुआती सौदों में 30 शेयरों वाला सूचकांक 303.07 अंक या 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,049.75 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी 102.60 अंक या 0.57 प्रतिशत गिरकर 17,914.60 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में टेक महिंद्रा लगभग दो प्रतिशत की गिरावट के साथ शीर्ष पर रही। इसके बाद एचडीएफसी, एसबीआई, नेस्ले इंडिया, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक और आईसीआईसीआई बैंक का स्थान रहा। दूसरी ओर, टाइटन, टाटा स्टील, एलएंडटी, भारती एयरटेल और मारुति के शेयर लाभ पाने वाले शेयरों में शामिल थे। पिछले सत्र में सेंसेक्स 80.63 अंक या 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,352.82 पर और निफ्टी 27.05 अंक या 0.15 प्रतिशत गिरकर 18,017.20 पर बंद हुआ था।

विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध विक्रेता थे और शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार उन्होंने बुधवार को 469.50 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री की। एशिया के दूसरे प्रमुख शेयर बाजारों में हांगकांग और सियोल के शेयर मध्य सत्र सौदों में घाटे के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि शंघाई और टोक्यो लाभ में चल रहे थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.23 प्रतिशत उछलकर 82.83 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

# पीएम मोदी आरबीआई की दो अभिनव उपभोक्ता केंद्रित पहलों की शुरुआत करेंगे

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भारतीय रिजर्व बैंक की दो अभिनव उपभोक्ता केंद्रित पहलों, भारतीय रिजर्व बैंक की खुदरा प्रत्यक्ष योजना और रिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक भारतीय रिजर्व बैंक खुदरा प्रत्यक्ष योजना का उद्देश्य सरकारी प्रतिभूति बाजार में खुदरा निवेशकों की पहुंच बढ़ाना है। इसके तहत खुदरा निवेशकों के लिये भारत सरकार और राज्य सरकारों द्वारा जारी प्रतिभूतियों में सीधे निवेश करने का रास्ता खुल जायेगा। पीएमओ ने कहा, ''निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक के हवाले से ऑनलाइन सरकारी प्रतिभूति खाते आसानी से खोल सकते हैं और उन प्रतिभूतियों का रख-रखाव कर सकते हैं। यह सेवा निशुल्क



होगी।'' पीएमओ के मुताबिक एकीकृत लोकपाल योजना का उद्देश्य शिकायतों को दूर करने वाली प्रणाली में और सुधार लाना है ताकि संस्थाओं के खिलाफ ग्राहकों की शिकायतों को दूर करने के लिये भारतीय रिजर्व बैंक नियम बना सके। पीएमओ ने कहा, ''इस योजना की केंद्रीय विषयवस्तु 'एक राष्ट्र-एक लोकपाल' की अवधारणा पर आधारित है। इसके तहत एक पोर्टल, एक ई-मेल और एक पता होगा, जहां ग्राहक अपनी शिकायतें दायर कर सकते हैं। ग्राहक एक ही स्थान पर अपनी शिकायत दे सकते हैं, दस्तावेज जमा कर सकते हैं, अपनी शिकायतों-दस्तावेजों की स्थिति जान सकते हैं और फीडबैक दे सकते हैं।'' इसके लिए एक बहुभाषी टोल-फ्री नंबर भी दिया जायेगा, जो शिकायतों का समाधान करने तथा शिकायतों को दायर करने के बारे में सभी जरूरी जानकारी प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास भी उपस्थित रहेंगे।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)